महत्वपूर्ण एवं खास

सलमान हमेशा मेरे दिल के करीब रहेंगे

बॉलिवुड के सुपरस्टार सलमान खान के साथ लगभग हर न्यूकमर ऐक्ट्रेस इंडस्ट्री में डेब्यू करने का ख्वाब देखती है। भाग्यश्री, सोमी अली, भूमिका चावला, कटरीना कैफ, जरीन खान, सोनाक्षी सिन्हा जैसी ऐक्ट्रेसेज ने सलमान के साथ ही अपना डेब्यू किया। अब इन्हीं में से एक ऐक्ट्रेस ने सलमान खान की काफी तारीफ की है। दरअसल, फिल्म वीर में सलमान के साथ नजर आ चुकीं ऐक्ट्रेस जरीन खान ने हाल ही में अपने एक बयान में उनकी जमकर प्रशंसा की। जरीन ने कहा कि फिल्म वीर से बॉलिवुड में कदम रखना उनके लिए किसी सपने से कम नहीं रहा। जरीन के मुताबिक, सलमान ऐसे शख्स हैं जो हमेशा मेरे प्रिय, मेरे खास और मेरे दिल के करीब रहेंगे। अगर मैंने उनके लिए काम नहीं किया होता तो मैंने कभी इस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने के बारे में नहीं सोचा होता क्योंकि यह मेरी योजना नहीं थी और अब मैं फिल्म इंडस्ट्री में हूं। मुझे जिस तरह की शुरुआत मिली, वह किसी सपने से कम नहीं थी। जरीन ने सलमान की फिल्म रेडी में एक आइटम सॉन्ग भी किया है। जरीन ने कहा, मैं उनकी आभारी हूं। सलमान का मैं हमेशा सम्मान करूंगी। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ किया है। बता दें, हाल ही में जरीन की नई फिल्म 1921 रिलीज हुई है।

शादी टूटने की खबरों के बीच पति के साथ दिखीं श्वेता

बीते साल खबरें आ रही थीं श्वेता तिवारी और उनके पति अभिनव कोहली की शादी में दरार आ गई है। हालांकि कहानी में अब ट्विस्ट आ गया है, हाल ही में इस कपल को दोस्तों के साथ पार्टी करते देखा गया। श्वेता ने इस पार्टी की फोटो शेयर की हैं, इसमें न सिर्फ अभिनव और पलक बल्कि टीवी के पॉप्युलर सिलेब्स जैसे करनवीर बोहर, गुरमीत चौधरी, देबीना बनर्जी और श्रृष्टि रोडे भी दिखाई दे रही हैं। फोटो के साथ श्वेता ने लिखा भी है, आखिर में अगर कुछ याद रहता है तो वह है फन...!! कुछ दिन पहले अभिनव कोहली ने भी अपने साथ श्वेता की एक फोटो शेयर की थी। दोनों फोटो में काफी खुश दिखाई दे रहे थे। बीते साल जब उनकी शादी में प्रॉबलम्स की खबरें आई थीं तो उनके एक साथी कपल ने खुलासा किया था, दोनों के बीच श्वेता की सफलता और अभिनव के करियर को लेकर काफी मतभेद हो रहे हैं। लेकिन अभिनव टीवी शो इश्क में मरजावां से छोटे पर्दे पर वापसी कर रहे हैं, वहीं श्वेता अपने बच्चे रेयांश की देखभाल में बिजी हैं। लंबे वक्त के बाद उनकी ये ताजा फोटो देखकर ऐसा लगता है कि दोनों के बीच पैचअप हो गया है। श्वेता और अभिनव की शादी तीन साल की कोर्टशिप के बाद 13 जुलाई 2013 को हुई थी। इससे पहले श्वेता की शादी राजा चौधरी से हुई थी।

शादी को लेकर कोई प्रेशर नहीं: सोनम कपूर

बॉलिवुड अभिनेत्री सोनम कपूर की शादी की चर्चा इन दिनों खूब हो रही है, शादी की बात पर पिछले दिनों फिल्म पैडमैन के एक प्रमोशनल इवेंट में अक्षय कुमार ने भी सोनम की चुटकी ली थी। मजाक-मजाक में अक्षय ने सोनम से कहा कि सुना है आपकी शादी होने वाली है। अक्षय के इस मजाक को सोनम ने हंसी में टाल दिया था। सोनम ने कहा कि वह अपनी शादी को लेकर सार्वजानिक रूप से कोई बातचीत नहीं करेंगी, उनके घर में भी शादी को लेकर किसी भी तरह का कोई प्रेशर नहीं है। सोनम बताती हैं, बहन रिया और मेरे बाद भी पापा तीसरी बेटी चाहते थे। हमारे घर में भाई-बहनों के बीच कभी कोई अंतर नहीं रहा है। पापा और मम्मी हमेशा कहते हैं आपको को जो करना है करो, आप सब कुछ कर सकते हो, शादी करनी है तो करो, नहीं करनी तो मत करो, जिससे शादी करनी है और जब करनी है करो, किसी तरह का कोई बंधन या रोक-टोक नहीं है। सोनम आगे कहती हैं, जब मुझे परिवार से शादी के बारे में पूरी आजादी मिली है तो मैंने तय किया है कि मैं अपनी शादी के बारे में किसी भी तरह की कोई बातचीत नहीं करूंगी। सोनम बताती हैं, हमारा परिवार बहुत प्रोग्रेसिव है, हमारे घर में डायनिंग टेबल पर हर तरह की बातचीत होती है, बातों के लिए किसी भी तरह का कोई फिल्टर नहीं होता, ऐसी बातें भी होती हैं, जो आमतौर पर लोगों के घरों में नहीं होती। भाई हर्षवर्धन के सामने भी हम लोग हर तरह की बातें करते हैं। सोनम के अलावा पैडमैन में अक्षय कुमार और राधिका आप्टे भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आर बाल्की ने किया है और इसे संगीत से सजाया है अमित त्रिवेदी ने। यह फिल्म 25 जनवरी 2018 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

रितिक ने शुरू की सुपर 30 की तैयारी



अभिनेता रितिक रोशन और फिल्म सुपर 30 की टीम ने सोमवार को फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। रितिक ने ट्विटर पर यह जानकारी देते हुए कहा, सरस्वती पूजा और बसंत पंचमी के शुभ दिन पर मैं सुपर 30 की अपनी यात्रा शुरू कर रहा हूं। जिसमें मैं पहली बार एक शिक्षक का किरदार निभा रहा हूं। ज्ञान की देवी मुझे इस कोशिश के लिए आशीर्वाद दें। दरअसल सुपर 30 गणित के एक ऐसे शिक्षक आनंद कुमार के जीवन पर आधारित फिल्म है जो प्रतिवर्ष आर्थिक रूप से कमजोर और प्रतिभाशाली 30 छात्रों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराते हैं। उनकी इस मुहिम के जरिए अब तक अनगिनत गरीब बच्चों की जिंदगी संवर चुकी है और इसका आलम अब यह है कि देशभर में इस सरीके संस्थान खुलने लगे हैं, मगर सुपर 30 जैसी सफलता किसी को हासिल नहीं हो सकी है। हालांकि फिल्म की टीम ने सोमवार को इसकी तैयारी शुरू कर दी है, जिसके बाद से फिल्म की शूटिंग भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। ऐसे फिल्म सुपर 30 को इस वर्ष नवंबर में रिलीज करने की टीम की ओर से तैयारी की रही है।

फिल्म नो-एंट्री के सीच्ल में सलमान को नहीं मिली एंट्री

सलमान खान के फैंस को ये खबर शायद निराश कर सकती हैं। खबरों की मानें तो जल्द ही बॉलीवुड के दबंग की इस सुपरहिट फिल्म में नो-एंट्री हो सकती है। दरअसल डायरेक्टर अनीस बाज़मी काफी लम्बे समय से अपनी सुपरहिट फिल्म नो-एंट्री का सीच्ल बनाने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सलमान खान की बिजी शेड्यूल के चलते वो उसे शुरू नहीं कर पा रहे हैं। हाल ही में अपने एक इंटरव्यू में अनीस ने बताया कि वो फिल्म नो एंट्री में एंट्री जरूर बनाएंगे फिर चाहें फिल्म में सलमान खान हों या न हों। लगता है अनीस ने अपने फैसले पर काम करना शुरू कर दिया है और अब वो सलमान खान के बिना ही इस फिल्म को बनाने की सोच रहे हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान इस समय कोई भी कॉमेडी फिल्म करने के मूड में नहीं हैं। उनकी एक्शन फिल्मों को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं इसलिए वो अभी इसी तरह की फिल्मों को करना चाहते हैं। जिसकी वजह से फिल्म के निर्माताओं को दूसरे कलाकारों का रुख करना पड़ रहा है।

जिस भी एक्ट्रेस के साथ करते हैं काम, उससे ही जुड़ जाता है नाम

बॉलीवुड के सुपरहीरो कहलाने वाले एक्टर ऋतिक रोशन की कुछ ऐसी आदतें हैं जिनकी वजह से कई बार विवादों और सुर्खियों आ जाते हैं ऋतिक के बॉलीवुड में रह चुके हैं कई अफेयर्स कई एक्ट्रेसेस के साथ रह चुका है करीबी संबंध इन्हीं कारणों से हुआ ऋतिक-सुजैन के बीच तलाक ऋतिक रोशन आज अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं बॉलीवुड के कुछ ऐसी आदतें हैं जिनकी वजह से कई बार विवादों में आ जाते हैं करियर से शुरुआत से लेकर अब तक ज्यादातर फिल्मों में उनका नाम उनकी को.स्टार के साथ जुड़ा है इसके पीछे सच्चाई क्या है इसके बारे में सिर्फ ऋतिक रोशन ही जानते हैं पिछले साल बॉलीवुड की कही जाने वाली एक्ट्रेस कंगना रनोट ने एक टीवी शो में ऋतिक रोशन को लेकर खुलेआम खुलासा कियाए जिससे हर कोई हैरान रह गया था कई एक्ट्रेसेस के साथ उनके अफेयर्स के चर्चे काफी आम हो गए थे बता दें कि मीडिया में ऐसी कई बार खबरें आ चुकी हैं कि ऋतिक रोशन के करीना कपूरए कैटरीना कैफए स्पैनिश एक्ट्रेस बारबरा मोरी और कंगना रनोट के साथ अफेयर रह चुके हैं हालांकि कुछ मामले सामने आए तो कुछ दबे के दबे रह गए।

एक्शन फिल्मों में हो रहे बदलाव से खुश हैं रणदीप हुड्डा

सुपर फाइट लीग टीम हरियाणा सुल्तान्स के सह-मालिक अभिनेता रणदीप हुड्डा का मानना है कि कलाकार मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) को बड़े पैमाने पर इस्तेमाल में ला रहे हैं. इससे देश में फिल्म की एक्शन विधा बेहतर हो रही है. चाहे वह कमांडो श्रृंखला की फिल्में हों या मुन्ना माइकल, नाम शबाना या बागी - बॉलीवुड एक्शन फिल्में उच्च मानक स्थापित कर रही हैं. रणदीप ने कहा कि मिश्रित मार्शल आर्ट के इस्तेमाल ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. रणदीप ने कहा, यह देखना अच्छा लगता है कि कैसे इन दिनों कलाकारों के फिटनेस का स्तर बढ़ा है और यह उन एक्शन दृश्यों में नजर आ रहा है, जहां मिश्रित मार्शल आर्ट का इस्तेमाल हुआ है. मैं उम्मीद करता हूं कि यह और आगे जाएगा. रणदीप खुद भी अपनी शारीरिक फिटनेस, पोलो और घुड़सवारी में उपलब्धियां हासिल करने के लिए जाने जाते हैं. वह एमटीवी सुपर फाइट लीग सीजन-2 जैसे प्लेटफॉर्म से खुश हैं, जो मिश्रित मार्शल आर्ट को बढ़ावा देता है. अभिनेता ने बताया कि उन्होंने फिल्म दो लफ्जों की कहानी की तैयारी के दौरान मिश्रित मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लिया था। फिल्म में उन्होंने मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर का किरदार निभाया था. बता दें, रणदीप को उनकी फिल्म सरबजीत में उनके किरदार के लिए भी जाना जाता है. रणदीप ने इस फिल्म के लिए अपना वजन काफी कम कर लिया था और फिल्म में उनकी एक्टिंग की भी सरहाना की गई थी. इस फिल्म में उनके साथ ऐश्वर्या राय भी अहम भूमिका में नजर आई थीं और फिल्म को क्रिटिक्स द्वारा भी सराहा गया था.

सुधा चंद्रन टीवी शो में स्पाइडर क्वीन किरदार को देंगी अपनी आवाज

अभिनेत्री सुधा चंद्रन बच्चों के टेलीविजन धारावाहिक 'रुद्र के रक्षक' में स्पाइडर क्वीन के किरदार को आवाज देंगी और वह इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। बिग मैजिक चैनल से जारी बयान के मुताबिक, सुधा को उनकी अनोखी आवाज को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। सुधा ने कहा, ''मुझे असाधारण भूमिकाएं निभाना पसंद है। अब तक मेरे अभिनय करियर के दौरान, मैंने उन भूमिकाओं को चुना है, जो न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि अनोखी भी थीं। मकड़ी की आवाज बनना बहुत ही असाधारण है और इसलिए मैं उत्साहित हूं।'' सूत्रों के मुताबिक, दर्शक धारावाहिक की कहानी में एक बड़ा मोड़ देखेंगे, जहां 'रुद्र के रक्षक' गिरोह एक बुरी स्पाइडर चीन के शिकंजे में फंस जाता है जो बच्चों को गलत इरादे से फंसाती है।

इसलिए भारत में अंग्रेजी में बात करते हैं लोग : नोरा फतेही

फिल्म बाहुबली में एक खूबसूरत डांस नबंर और बिग बॉस सीजन 9 में नजर आने के बाद सुर्खियों में आई इंडो-कनेडिअन मॉडल, डांसर और ऐक्ट्रेस नोरा फतेही ने कहा कि अब वह काफी हिंदी सीख गई हैं... लेकिन भारत जैसे हिंदी भाषी देश में रहकर भी हिंदी सीखना मुश्किल हो जाता है... क्योंकि जब वह इंडस्ट्री के लोगों से हिंदी में बात करती है तो लोग उन्हें इंग्लिश में जवाब देते हैं। नोरा की माने तो भाषा के मामले में भारत के लोग डबल स्टैंडर्ड रखते हैं, लोग अंग्रेजी बोलकर अपना क्लास शो-ऑफ करते हैं। इन दिनों अभिनेता संजय सूरी के साथ फिल्म माय बर्थडे सॉन्ग में लीड रोल में नजर आ रही नोरा कहती हैं, अब मुझे बॉलिवुड में काम करते हुए लगभग चार साल हो गए हैं। थोड़ी बहुत हिंदी मैंने सीख ली है, मेरे लिए हिंदी सीखना आसान नहीं था लेकिन मैं यह अच्छी तरह समझती हूं कि अगर मुझे बॉलिवुड में काम करना है तो अच्छी तरह हिंदी सीखना होगा। हम जिस देश में रहते हैं और काम करते हैं हमें उस देश की सभ्यता और भाषा का सम्मान करना चाहिए। इस देश में जब आप हिंदी में बात करते हैं तो लोग इंग्लिश में जवाब देते हैं इसलिए हिंदी सीखने में और भी परेशानी होती है। जब कभी मैं किसी टैक्सी वाले, सब्जी वाले या किसी दुकान वाले से हिंदी में बात करती हूं तो वह अपनी अंग्रेजी शो-ऑफ करने के लिए मुझे अंग्रेजी में जवाब देते हैं, यही नहीं हमारी फिल्म इंडस्ट्री में भी लोग हिंदी में पूछे गए सवालों का जवाब इंग्लिश में ही देते हैं। नोरा आगे कहती हैं, मेरे हिसाब से भारत में लोग इंग्लिश में बात इसलिए करते हैं क्योंकि वह सोचते हैं अंग्रेजी में बात करेंगे तो उनका क्लास बढ़ जाएगा, वह अंग्रेजी में बात करके क्लासी हो जाना चाहते हैं। भारत में अंग्रेजी बोलचाल से तय होता है कि आपका क्लास क्या है, इंग्लिश बोलने वाले की क्लास अपने आप हाई हो जाती है। लोग मुझसे यह उम्मीद करते हैं कि मैं हिंदी में बात करूं, अगर मैं अंग्रेजी बोलती हूं तो उन्हें गलत लगता है। यह भारतीय समाज का गलत रवैया है, मेरे हिसाब से यह हिपक्रिट और डबल स्टैंडर्ड वाली भावना है। मैं जानती हूं कि बॉलिवुड बहुत बड़ी हिंदी इंडस्ट्री है, अगर यहां काम करना है तो हिंदी सीखना ही पड़ेगा वरना हॉलिवुड जाकर काम करना पड़ेगा। अपनी फिल्म के बारे में बताते हुए नोरा कहती हैं, यह एक साइकॉलजिकल थ्रिलर फिल्म है, इस फिल्म को देखते हुए आप एक बार भी अपने मोबाइल में देखने की कोशिश नहीं करेंगे, फिल्म पूरे समय आपको बांध कर रखती है। इस फिल्म में पहली बार मुझे अपने अभिनय को दिखाने का मौका मिला। अब तक दर्शकों ने मुझे डांस करते हुए खूब देखा है लेकिन ऐक्टिंग करते हुए पहली बार देखेंगे। मैं कंगना रनौत, विद्या बालना, अनुष्का शर्मा और आलिया भट्ट के अभिनय से बेहद प्रभावित हूं। उनकी तरह ही खूब काम करना चाहती हूं।

यूलिया को पसंद है सलमान की सिंगिंग

सलमान खान की करीबी दोस्त यूलिया वंतूर जो कि सिंगल हरजाई से डेब्यू कर चुकी हैं, उनका कहना है कि सलमान खान को सिंगिंग काफी पसंद हैं। यूलिया ने यह भी बताया कि सलमान उनसे अच्छा गाते हैं और वह उनका गाना इंजॉय करती हैं। उन्होंने बताया, सलमान को गाने गाना और लिरिक्स लिखना काफी पसंद है। वह एक्टिंग, डांसिंग और कम्पोजिंग भी कर रहे हैं लेकिन वह मुझसे अच्छे सिंगर हैं। वह पूरे दिल से गाते हैं। ऐसा कुछ भी नहीं है जो सलमान न कर पाते हों। वह सबकुछ कर सकते हैं। यूलिया ने यह भी बताया, मेरे एक सिंगिंग टीचर हैं जो वक्त-वक्त पर सरगम में मेरी मदद करते रहते हैं। मैं तो क्लासिकल म्यूजिक सीखना चाहती हूं, यह बहुत ही खूबसूरत होता है। आप इसे गाते-गाते बेहतर हो जाते हैं। यूलिया बताती हैं, मेरे लिए अब गाना पहले से आसान हो गया है। भाषा एक साउंड है तो मुझे यह इसी तरह से आसान लगती है और मैंने हिंदी भी ऐसे ही सीखी है। हालांकि कई शब्दों में उलझ भी जाती हूं, इनमें से कुछ बोलने में बहुत मुश्किल लगते हैं।

मराठी बिग बॉस होस्ट करना चाहती हूं: शिल्पा शिंदे

बिग बॉस 11 की विजेता शिल्पा शिंदे मराठी में शुरू होने वाले बिग बॉस शो को होस्ट करना चाहती हैं, शिल्पा ने कहा, अभी-अभी तो मैं घर से बाहर निकली हूं तो यह बता पाना मुश्किल है कि आगे क्या-क्या काम करने वाली हूं। अब सबसे पहले मैं आपको कलर्स के शो एंटरटेनमेंट की रात के एक एपिसोड में दिखाई दूंगी, शो में मेरे अलावा विकास गुप्ता, अर्शी खान सहित और लोग भी होंगे। शिल्पा आगे कहती हैं, अब मैं छोटे परदे में ज्यादा काम नहीं करूंगी, कोई अच्छा शो मिलेगा तो उसे जरूर होस्ट करूंगी। जैसे कि सलमान खान जी ने बताया कि बिग बॉस मराठी में भी शुरू होने वाला है तो अगर मुझे मौका मिला तो मैं मराठी में होने वाले बिग बॉस को होस्ट करना चाहूंगी। सलमान के साथ काम करने के सवाल पर शिल्पा कहती हैं, मुझे नहीं पता इस सवाल का मैं क्या जवाब दूं, मैं तो सलमान जी के अब तक के सपॉर्ट से बहुत ज्यादा खुश हूं। सलमान जी ने मेरा बहुत सपॉर्ट किया है। मैं इस तरह की उम्मीद बिल्कुल भी नहीं करती हूं कि सलमान जी मुझे कोई काम दें या अपने साथ मुझे कोई फिल्म ऑफर करें। शिल्पा आगे कहती हैं, मुझे मौका मिलेगा तब भी मैं ऐंड टीवी के साथ काम नहीं करूंगी लेकिन विकास को मैंने वादा किया है कि उनके साथ एक छोटी सी वेब सीरीज में काम करूंगी तो वह वादा मैं पूरा करूंगी। बिग बॉस के घर में अर्शी, आकाश और हिना के बुरे बर्ताव के बारे में बताते हुए शिल्पा ने कहा, बिग बॉस के घर में अर्शी खान और आकाश ददलानी ने मेरे साथ बहुत बुरा बर्ताव किया है। घर में अर्शी मुझे लेकर पज़ेसिव हो गई थी... वह चाहती थी कि मैं उसके अलावा किसी और से बात ही न करूं। अर्शी अपने साथ मेरी जोड़ी बनाना चाहती थी, इस चक्कर में उसे मेरा किसी और से बात करना बिल्कुल भी पसंद नहीं था। वह मुझे बहुत बार कहती थी कि तुम लोगों को जवाब दिया करो, उनसे हमेशा अच्छी तरह बर्ताव करने की जरूरत नहीं है। अर्शी के साथ कोई ज्यादा गिला-शिकवा नहीं है। आकाश तो बेवकूफ था। शिल्पा आगे कहती हैं, जिससे मैं कभी बात नहीं करूंगी वह नाम है हिना खान का, हिना ने मुझे जाने-अनजाने, सोच-समझकर और एक रणनीति बनाकर मुझे बदनाम किया है, मेरी चीजों को गलत बताया है। हिना ने मेरे कैरक्टर पर सवाल उठाया है। सलमान खान जब मेरा पक्ष लेते हुए कुछ कहते थे तब भी वह कहती थी कि सलमान शिल्पा का सपॉर्ट करते हैं। इसलिए मैं हिना को कभी माफ नहीं करूंगी। हिना ने घर से बाहर आकर कहा है कि बिग बॉस की टीम एक ट्रिप में जाने वाली हैं, क्या यह सच है? जवाब में शिल्पा कहती हैं, आपको लगता है घर में उन लोगों के साथ जो समय मैं बिता कर आई हूं उसके बाद उनके साथ मैं किसी ट्रिप में जाऊंगी।

पापा सैफअली खान के साथ यूं खेलते हुए नजर आए छोटे नवाब तैमूर



बॉलीवुड स्टार किड्स में सबसे क्यूट बेबी कहलाने वाले छोटे नवाब यानी तैमूर की एक और फोटो भी सोशल मीडिया पर आ चुकी है सैफ के साथ खेलते हुए दिखे तैमूर पिछले महीने पटौदी पैलेस में मनाया गया था बर्थडे बॉलीवुड स्टार किड्स में सबसे क्यूट बेबी कहलाने वाले छोटे नवाब यानी तैमूर की एक और फोटो भी सोशल मीडिया पर आ चुकी है यह फोटो तैमूर के बर्थडे की है जोकि पिछले महीने हरियाणा स्थित पटौदी पैलेस में मनाया गया था हालांकि दिग्गज कलाकार शशि कपूर के निधन के कारण जन्मदिन धूमधाम से नहीं मनाया गया फिलहाल बर्थडे के मौके पर मौजूद परिवार वाले भी तैमूर की कई फोटोज क्लिक की जोकि समय.समय पर सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं फिलहाल अभी करिश्मा और करीना कपूर के चाचा करण कपूर ने तैमूर की एक फोटो इंस्टाग्राम पर डाली है